Need to run direct train between Dhanbad and Mata Vaishno Devi Katra

श्री दुलू महतो (धनबाद) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि हमारे झारखंड प्रदेश के धनबाद क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु माता वैष्णो देवी जी के दर्शन के लिए लगातार जाते रहते हैं । इसलिए मैं उनसे आग्रह करना चाहता हूं कि धनबाद से माता वैष्णो देवी के लिए डायरेक्ट ट्रेन खोली जाए ।

हमारे क्षेत्र से हजारों बच्चे पढ़ने के लिए बेंगलुरू जाते हैं । इसलिए धनबाद से बेंगलुरू के लिए एक डायरेक्ट ट्रेन खोली जाए ।

सभापति महोदय, हमारे क्षेत्र से बहुत-से लोग इलाज़ के लिए वेल्लोर जाते हैं, इसलिए वहां के लिए एक ट्रेन खोली जाए । साथ ही, दिल्ली के लिए धनबाद से एक डायरेक्ट ट्रेन खोली जाए ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि धनबाद से माल गाड़ी की हजारों रेक्स खुलती हैं और वहां से निकलती भी हैं । मगर, धनबाद से डायरेक्ट बहुत कम सवारी गाड़ी खुलती है जबकि झारखंड प्रदेश में सबसे ज्यादा राजस्व धनबाद से आता है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि धनबाद से डायरेक्ट माता वैष्णो देवी के लिए, बेंगलुरू के लिए, दिल्ली के लिए और हैदराबाद के लिए ट्रेन्स खोली जाएं, ताकि वहां के गरीब, शोषित, पीड़ित, मजदूर, कमजोर, आदिवासी दलितों को सुविधा मिले और वे कम पैसे खर्च कर वहां जाकर अपना इलाज करा सकें, अपनी पढ़ाई कर सकें और धर्म के क्षेत्र में माता वैष्णो देवी के दर्शन कर सकें ।